हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 नवंबर 2025

11 पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में दी प्रस्तुति



12 सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी





जिराफ़ की जीभ इतनी लंबी होती है कि इससे वे अपने कान साफ कर सकते हैं।

एक नवजात कंगारू केवल मूंगफली के आकार का होता है।

# बॉम्बे आर्ट कोर्स में कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## बन रहा युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आट्र्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## यह कोर्स कैसे करें

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## क्या चाहिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आट्र्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**ऐसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आट्र्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

### कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की देता है समझ

# एल.एल.बी. : कानूनी और सरकारी जगत में कामयाबी के सुनहरे मौके

डॉ मोहित बंसल
(करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर)



## न्यायप्रियता, निर्णय क्षमता कर रहा विकसित



बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को संविधान, दंड संहिता, सिविल लॉ, कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून, न्यायिक प्रक्रिया और विधिक लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पढ़ाए जाते हैं। एल.एल.बी. का उद्देश्य सिर्फ कानूनी नियमों और सिद्धांतों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में न्यायप्रियता, तार्किक सोच, निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी विकसित करना है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार विद्यार्थी एल.एल.बी. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या पांच वर्षों के इंटिग्रेटेड कोर्स (बीऐ एलएलबी, बीबीए एलएलबी) के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। एल.एल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थी किसी विशेष क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, या मानवाधिकार कानून में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कानूनी क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। एल.एल.बी. के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को कानून के अलग-अलग क्षेत्रों में दक्ष बनाती हैं। इनमें कॉर्पोरेट कानून, क्रिमिनल लॉ, मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून, अंतर्राष्ट्रीय कानून, सिविल और संवैधानिक कानून जैसी महत्वपूर्ण शाखाएं शामिल हैं। यह विशेषज्ञताएं विद्यार्थियों को उनके रुचि और कैरियर लक्ष्यों के अनुसार कानूनी क्षेत्र में गहन ज्ञान और व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

एल.एल.बी. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा से न केवल कानूनी ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर भी व्यापक हो जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम, एमबीए), और विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जैसे विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे कॉर्पोरेट कंप्लायंस, साइबर लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानून भी छात्रों को उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान करते हैं।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातकों के लिए सम्मानजनक और स्थायी अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों, न्यायालयों, बैंकिंग और रक्षा संगठनों में कानूनी पेशेवरों की मांग हमेशा रहती है। एल.एल.बी. स्नातक यहाँ न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी मामलों में भूमिका निभाते हैं। सरकारी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को कानून और प्रशासन के संयुक्त अनुभव के साथ स्थिर वेतन, पदोन्नति के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।

### यहां मिलेगा स्कोप

1. **न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं**
   - जुडिशियल मैजिस्ट्रेट
   - लेखा परीक्षा अधिकारी
   - स्टेट/सेंट्रल गवर्नमेंट कानूनी पद
2. **बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लर्कियल/ऑफिसर पद
3. **रक्षा और अनुसंधान संगठन**
   - जुडिशियल काउंसल
   - क्लाइंट एडवाइज़र
4. **शिक्षा और विश्वविद्यालय**
   - कानून शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
   - असिस्टेंट प्रोफेसर
   - रीसर्च असिस्टेंट

**आय या वेतन :** सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 8 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 20 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### केवल वकालत तक सीमित नहीं

एल.एल.बी. छात्रों के लिए करियर की राहें केवल वकालत तक सीमित नहीं रहतीं। निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। सही कौशल, उच्च शिक्षा और अनुभव के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.ca-reerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

## आवश्यक कौशल

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। कानूनी पेशे में सफल होने के लिए विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क, प्रभावशाली संवाद और मजबूत अनुसंधान क्षमता जैसी विशेष क्षमताएँ होना आवश्यक है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अदालत में प्रभावी प्रस्तुति, केस स्टडी विश्लेषण, विवाद समाधान, मध्यस्थता कौशल और टीमवर्क की समझ भी विकसित करनी होती है। इन कौशलों से छात्र न केवल पेशेवर रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि विभिन्न कानूनी और प्रशासनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक करियर स्थापित कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और संगठनों में कानूनी विशेषज्ञता की भारी मांग है। डिजिटल व ग्लोबल युग में कॉर्पोरेट कंपनियां, स्टार्टअप्स, बैंकिंग, वित्तीय संस्थान और कंसल्टिंग फर्में योग्य कानूनी पेशेवरों की तलाश में रहती हैं। एल.एल.बी. स्नातक इन संगठनों में कॉर्पोरेट कानून, अनुबंध प्रबंधन, कानूनी अनुपालन और विवाद समाधान जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को विविध परियोजनाओं, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट और क्लाइंट काउंसलिंग में गहन अनुभव प्राप्त होता है।

## यहां स्कोप

1. **कानूनी फर्म्स और एडवोकेसी**
   - लीगल एडवोकेट
   - क्लाइंट काउंसलर
   - क्लासिफिकेशन और केस मैनेजर
2. **कॉर्पोरेट सेक्टर**
   - कंपनी सेक्रेटरी
   - कॉर्पोरेट लीगल काउंसल
   - कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर
   - कम्प्लायंस ऑफिसर
3. **बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
   - लीगल ऑफिसर
   - क्लाइंट डिस्प्यूट मैनेजर
   - कॉन्ट्रैक्ट और रेगुलेटरी काउंसल
4. **स्टार्टअप्स और कंसल्टिंग फर्म्स**
   - लीगल कंसल्टेंट
   - प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर (लीगल डिपार्टमेंट)
   - कॉर्पोरेट पॉलिसी कंसलटेंट

**आय या वेतन :** एल.एल.बी. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 25 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – लॉ/मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून या मानवाधिकार
  विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स
- आईसीएलआईसीसी/न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कानूनी सर्टिफिकेट
- डाटा प्रोटेक्शन और साइबर लॉ सर्टिफिकेशन
- कॉर्पोरेट कंप्लायंस और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन

**ये सर्टिफिकेशन विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और कानूनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं और भविष्य चमकाते हैं।**

---

# सही और गलत की सीख, पर्यावरण की रक्षा और आत्मविश्वास की प्रेरणा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्यारा त्योहारों में शामिल दीपावली का पर्व गए एक सप्ताह से ऊपर हो चुका है। छात्रों के लिए यह पर्व प्रेरणा लेने का त्योहार है। यह न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि हमें सही और गलत के बीच अंतर, पर्यावरण की रक्षा, और आत्मविश्वास के साथ अपने भाग्य को संवारने की प्रेरणा भी देता है। यह लेख विशेष रूप से छात्रों के लिए है, ताकि वे समझ सकें कि यह त्योहार हमें क्या सिखाता है और हम इसे कैसे जिम्मेदारी से मना सकते हैं,ये सबक छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने और एक जिम्मेदार इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। नीचे कुछ प्रमुख नैतिक सबक दिए गए हैं, जो दिवाली की कहानियों और परंपराओं से मिलते हैं।

## सत्य और धैर्य की जीत

**सबक:** भगवान राम की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और धैर्य हमेशा विजयी होता है। रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस के सामने भी राम ने धैर्य, नैतिकता का रास्ता नहीं छोड़ा।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते समय धैर्य रखें। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा फल देता है। हर मुश्किल स्थिति में भी सत्य और धैर्य का साथ नहीं छोड़ेंगे।

### सामुदायिक एकता और भाईचारा

**सबक:** दिवाली हमें परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देती है। यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ावा देता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** स्कूल या कॉलेज में सहपाठियों के साथ सहयोग करें। एक-दूसरे की मदद करने से न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, सामूहिक लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त होते हैं।
**संकल्प:** हम अपने दोस्तों और समाज के साथ मिलकर काम करेंगे और एकता को बढ़ावा देंगे।

### विनम्रता और कृतज्ञता

**सबक:** माता लक्ष्मी की पूजा हमें सिखाती है कि धन और समृद्धि के साथ-साथ विनम्रता और कृतज्ञता भी जरूरी है। धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करना चाहिए।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें, लेकिन कभी घमंड न करें। जो कुछ आपके पास है, जैसे परिवार, शिक्षक, और अवसर, उनके प्रति आभार व्यक्त करें।
**संकल्प:** हम अपने जीवन में मिले अवसरों और संसाधनों के लिए कृतज्ञ रहेंगे और दूसरों की मदद करेंगे।

## आत्म-नियंत्रण और संयम

**सबक:** रावण की कहानी हमें बताती है कि अहंकार, लालच, और अनियंत्रित इच्छाएँ विनाश का कारण बनती हैं। दूसरी ओर, राम और लक्ष्मण ने आत्म-नियंत्रण का उदाहरण प्रस्तुत किया।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने, समय का सही उपयोग करने, और अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए आत्म-नियंत्रण जरूरी है।
**संकल्प:** हम अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे और संयम के साथ निर्णय लेंगे।

### क्षमा और नई शुरुआत

**सबक:** दिवाली नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है पुरानी गलतियों को भूलकर, दूसरों को माफ करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अगर आपने कोई गलती की है, जैसे पढ़ाई में कम मेहनत करना या किसी से झगड़ा करना, तो उसे स्वीकार करें, माफी मांगें, और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाएँ।
**संकल्प:** हम अपनी गलतियों से सीखेंगे, दूसरों को माफ करेंगे, और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।

### प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

**सबक:** दिवाली की रोशनी प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती है, लेकिन आतिशबाजी और कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएँ, जैसे मिट्टी के दीये जलाना, पेड़ लगाना, या प्लास्टिक का उपयोग कम करना।
**संकल्प:** हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करेंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** Ra † † (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** K * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## हरियाणा दिवस की धूम

### हरियाणवी संस्कृति की झलक दिखाई



**झज्जर।** दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर हरियाणवीं संस्कृति की झलक दिखाई। स्कूल संचालक रामचंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिवर्ष एक नवंबर को हरियाणा दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1966 में इसी दिन हरियाणा राज्य अस्तित्व में आया था। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मेहनत, एकता और संस्कारों से भरी यह धरती कितनी गौरवशाली है। हरियाणा न केवल खेती-बाड़ी और खेलों में आगे है, बल्कि यहां की भाषा, लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक परंपराएं भी देश में अपनी अलग पहचान रखती हैं।

### बच्चों को बताई हरियाणा की गौरवशाली परंपरा



**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने हरियाणा के इतिहास, संस्कृति और महान व्यक्तित्वों पर भाषण, कविताएं तथा नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान हैलोवीन डे भी मनाया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक परिधान पहनकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को हरियाणा की समृद्ध परंपराओं, वीरता और मेहनतकश लोगों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

### एकल नृत्य प्रतियोगिता में दिशिता व मुस्कान रही प्रथम



**झज्जर।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में अंतरसदनीय एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रा चेतना के भाषण से हुई। उसने हरियाणवीं संस्कृति व परंपरा पर प्रकाश डाला। मंच संचालन कक्षा दसवीं की छात्रा तनु और योगिता ने किया। निर्णायक मंडल में प्राचार्य जयप्रकाश यादव और शिक्षा समिति की सदस्या सीजू गहलावत शामिल रहीं। प्रतियोगिता परिणामों में कनिष्ठ वर्ग की एकल नृत्य प्रतियोगिता में सुभाष सदन से दिशिता ने प्रथम, गांधी सदन से अर्पिता ने द्वितीय व नेहरू सदन से शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में तिलक सदन से मुस्कान ने पहला, सुभाष सदन से आयशा एवं गांधी सदन से निशिका ने संयुक्त रूप से दूसरा व नेहरू सदन से सृष्टि ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य जयप्रकाश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जहां प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया वहीं शिक्षा समिति की सदस्या सीजू गहलावत ने देश की एकता व अखंडता पर प्रकाश डाला।

*संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में हरियाणा दिवस समारोह आयोजित*

# पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**झज्जर।** हरियाणवी वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए नन्हें विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शुरू में हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कविता पाठ व हरियाणवीं भाषा में प्रभावी भाषण देकर दर्शकों को भावविभोर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने हरियाणवीं युगल नृत्य, एकल नृत्य और आकर्षक समूह नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति और इतिहास से जुड़े रहने का महत्व समझाते हुए उन्हें प्रदेश और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों और परंपराओं को समझने का अवसर देते हैं।

### लोकगीतों व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी



**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में शुक्रवार को हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक हरियाणवी परिधानों में लोकगीतों और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी साझा की। विद्यालय परिसर में चारों ओर देशभक्ति और क्षेत्रीय गर्व का वातावरण बना रहा। प्रिंसिपल ललिता ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि और संस्कृति पर गर्व करना चाहिए तथा अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का समापन तालियों की गड़गड़ाहट और जय हरियाणा के नारों के साथ हुआ।

### गीत व नृत्य से बिखेरी हरियाणवी संस्कृति की छटा

**बहादुरगढ़।** माडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाणा दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रार्थना सभा से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को हरियाणा के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति की जानकारी दी। कक्षा दूसरी की साक्षी, कक्षा तीसरी की नव्या, भव्या, खुशी, कक्षा 11वीं की उर्वशी वंदना, पारुल, किशिका व कक्षा छठी के गर्वित ने हरियाणवी लोक नृत्य मे जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में गीत, कविताएं और नाट्य मंचन के जरिये हरियाणा की लोक संस्कृति की झलक दिखाई गई। सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रदर्शन से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति को हरियाणवी ड्रेस पहनकर और भी अच्छा बना दिया। वाइस प्रिंसिपल जितेंद्र दहिया ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की। अंत में चेयरमैन डॉ. राकेश सांगवान और उर्मिला सांगवान ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया।




### हरियाणवीं वेशभूषा में नजर आए विद्यार्थी



**झज्जर।** आरईडी विद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लघु नाटिका, हरियाणवीं खानपान व रहन-सहन संबंधी प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्या अनीता सिवाच ने बताया कि पहली कक्षा की छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को लेकर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी। यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने हरियाणवीं खानपान की स्टॉल लगाकर हरियाणवीं पकवानों व रहन-सहन से अवगत कराया। नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हरियाणवीं नृत्य की प्रस्तुति दी।

## हरियाणा दिवस आज

### नृत्य में तनु तो गायन में नेहा प्रथम



**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विलुप्त हो रही कलाओं को जीवंत करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। भावी अध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में हरियाणवी नृत्य, गायन, कविता वाचन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी कला व अभिव्यक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणवी नृत्य प्रतिस्पर्धा में तन्नु ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन में नेहा ने प्रथम, आभा ने द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन में शिवानी ने प्रथम, प्रीती ने द्वितीय, मनिषा व नैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की भावी अध्यापिकाओं ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने गवर्नमेंट कॉलेज खेड़ी गुजरान, फरीदाबाद के सहयोग से अंतर महाविद्यालय विजिलेंस अवेयरनेस कंपटीशन में भाग लिया। इसमें द्वितीय वर्ष की राधिका ने पोस्टर मेकिंग में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

### धूमधाम से मनाया हरियाणा स्थापना दिवस



**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में हरियाणा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। निदेशक सोमबीर कोडान व निदेशिका संगीता कोडान ने विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को हरियाणवीं संस्कृति, स्थापना व विकास यात्रा बारे प्रेरणादायक जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा ने अपनी संस्कृति, वेशभूषा, खेलकूद और मेहनतकश लोगों के बल पर देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एकल व समूह नृत्य, कविताओं व भाषणों के माध्यम से हरियाणवीं संस्कृति को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। मंच संचालन का कार्यभार विद्यालय की छात्रा अंजलि और नेहा ने संभाला। प्राचार्या नेहा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी हरियाणवीं संस्कृति और राज्य की उपलब्धियों पर गर्व होना चाहिए। इस दौरान अंतर सदनीय सामान्य ज्ञान व कंप्यूटर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया जिसमें सीनियर वर्ग में समीर सदन के जय डागर, अंजलि, तनिशु, प्रिया व खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जूनियर वर्ग में अग्नि सदन के प्रतिभागी नक्ष, अर्जुन, खनक, तक्ष व गर्व दहिया प्रथम रहे। सभी विजेताओं को निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया गया। समता गंभीर, रेनू व सोनिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को दी हरियाणा के इतिहास की जानकारी

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को हरियाणा की संस्कृति, परंपरा, खान-पान और गौरवशाली इतिहास के महत्व पर जानकारी दी। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच हरियाणवीं खान-पान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थी चूरमा, बाजरे की खिचड़ी, बाजरे की रोटी और हरा साग आदि पारंपरिक व्यंजन लेकर स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में छात्र जतिन ने जहां हरियाणवीं रागिनी की मनमोहक प्रस्तुति दी वहीं छात्रा सीमांसी जून ने हरियाणवीं भाषा में भाषण देकर संस्कृति के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी

### पदक विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन



**बहादुरगढ़।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने अद्भुत कौशल, लगन और खेल भावना का परिचय देते हुए विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए। अंडर 11 आयुवर्ग में देवांश, अंडर 14 में शौर्य, अंडर 11 में एकलव्य, अंडर 14 में भाविष्य ने गोल्ड मेडल जीते। अंडर 17 में विशेष ने रजत तथा अंडर 14 में रायशा ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर 14 में ही विराज व उत्कृष ने अपने भारवर्ग में कांस्य पदक जीते। विद्यालय की चेयरपर्सन शैलजा जून ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### किसान संगठन ने जताई नाराजगी

**बहादुरगढ़।** प्रदेशभर में बर्बाद हुई फसल की अब तक गिरदावरी न होने पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने नाराजगी जताई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने कहा कि प्रदेश में बर्बाद हुई फसलों की अभी तक गिरदावरी का काम भी पूरा नहीं हुआ है। अनेक गांवों में तो अभी पटवारी लेवल का काम भी पूरा नहीं हुआ है। प्रदेश के अनेक गांवों के खेतों में आज भी एक से दो फुट तक पानी खड़ा हुआ है। अगली फ़सल की बिजाई का समय निकला जा रहा है। सरकार केवल झूठे आश्वासन दे रही है। गिरदावरी का काम अतिशीघ्र पूरा किया जाए और प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि खेतों में खड़े पानी की निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए ताकि अगली फ़सलों की बिजाई हो सके। इसके साथ ही जिन कृषि श्रमिकों व खेत मजदूरों का रोजगार ख़त्म गया है, उन्हें एकमुस्त 50 हजार रुपया की आर्थिक सहायता दी जाए ताकि वे अपने परिवार को पालनपोषण कर सकें।

### क्विज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में क्विज का आयोजन किया गया। एनएसएस व वाईऑरसी यूनिट प्रभारी डॉक्टर सविता यादव ने बताया कि कार्यक्रम में छह टीमों ने भाग लिया। क्विज मास्टर की भूमिका में डॉक्टर राजवंती, डॉक्टर रीना फौगाट व डॉक्टर शीतल शामिल रहे। एनएसएस स्वयंसेवक उन्मुक्त व यशिका ने स्कोर बोर्ड संभाला और ज्योति ने टाईम कीपर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में टीम सी की मंजरी वत्स, खुशी भारद्वाज और संस्कृति ने प्रथम, टीम बी से मंदिरा, निशांत और लवलेश ने द्वितीय तथा टीम ए और टीम डी के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर नवबहार यादव, पवन कुमार, दीपक सैनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली के समक्ष रखी शहर की समस्याएं

**बहादुरगढ़।** भाजपा अटल मंडल बहादुरगढ़ के प्रवक्ता विशाल शास्त्री ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर की कई अहम समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। विशाल शास्त्री ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष खुले नालों को जल्द ढकने, नजफगढ़ रोड और बालौर रोड पर धंसी हुई सड़कों की मरम्मत तथा वार्ड नंबर 8 की गलियों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि शहर में खुले नालों से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

### दिनेश बॉक्सर को दोबारा एसीपी ट्रैफिक नियुक्त करने की मांग



**बहादुरगढ़।** पटेल नगर में सब्जियों पर जेसीबी चलाने के बाद एसीपी ट्रैफिक पद से हटाए गए दिनेश बॉक्सर के समर्थन में प्रदर्शन करने व ज्ञापन देने का दौर जारी है। शुक्रवार को बहादुरगढ़ के काफी युवाओं ने स्थानीय विधायक राजेश जून को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से दिनेश सांगवान को बहादुरगढ़ में पुनः ट्रैफिक एसीपी नियुक्त करने की मांग उठाई। युवाओं ने कहा कि एसीपी दिनेश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को नई दिशा दी थी और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की थी। एक इंस्टाग्राम वीडियो के चलते उनकी ट्रांसफर कर दी गई, जबकि वे हमेशा निष्पक्षता और सख्त अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। एसीपी दिनेश कुमार को वापस बहादुरगढ़ भेजा जाए, ताकि शहर में फिर से ट्रैफिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को मजबूती मिल सके।

### गुरु तेग बहादुर के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर प्रकाश डाला



**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को गुरु तेग बहादुर जयंती के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी किरण बाला के संयोजन से हुआ। सेमिनार में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गुरु तेग बहादुर के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को आत्मसात किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने अपने जीवन से समाज को सहिष्णुता, नैतिकता और मानवता का अमूल्य संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रभारी किरण बाला ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए सबसे प्रासंगिक है। हिंदी विभाग की अध्यापिका सीमा ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरुजी ने मानवीय मूल्यों और धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर इतिहास में अमर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान गुरु तेग बहादुर के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। इसी अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भी मनाई गई, जिसमें प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य सुमन हुड्डा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### व्याख्यान में विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन



**बहादुरगढ़।** गांव छारा में स्थित चौ. हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की ओर से सरकारी और निजी क्षेत्रों में उभरते कॅरियर अवसर विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अश्वनी कुमार ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापक प्रो. रेणु राणा ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध नए रोजगार अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने देश में बढ़ते नवाचार और स्वरोजगार की भावना पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। प्रोफेसर राणा ने विद्यार्थियों को बताया कि आज सफलता केवल नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि नए विचार, कौशल और आत्मविश्वास ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने महिला उद्यमिता के उदाहरण देते हुए नायका की फाल्गुनी नायर और मामा अर्थ की गज़ल अलघ जैसी महिलाओं की प्रेरक कहानियां साझा की। महाविद्यालय के डॉ. संजय देसवाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जयंत, मंजू मलिक, देवेंद्र, डॉ. ललिता, ज्योति, गोविन्द और विजय इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### पुलिस कर्मियों ने ली एकता व अखंडता की शपथ



**बहादुरगढ़।** राष्ट्र के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को झज्जर पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय झज्जर सहित जिले के सभी थाना, चौकियों व अपराध अन्वेषण इकाइयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ बनाने की शपथ ली। बहादुरगढ़ पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों और जवानों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। डीसीपी मयंक मिश्रा ने पुलिस कर्मियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की एकता और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करें। पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने संभाला पदभार



**बहादुरगढ़।** मार्केट कमेटी के नव-नियुक्त चेयरमैन विनोद कौशिक और वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, भाजपा जिला अध्यक्ष विकास वाल्मिकी, विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक और नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मार्केट कमेटी किसानों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई टीम किसानों और व्यापारियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए मंडी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य करेगी। जिला अध्यक्ष विकास वाल्मिकी ने कहा कि किसानों और आढ़तियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। दिनेश कौशिक ने भी दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, जिला पार्षद रवि बराही, अमित कौशिक मनोनीत पार्षद, सीएम विंडो एमिनेंट रामकंवार सैनी, मनोज राठी, मंजीत पांचाल, संजय सैनी, पंकज गर्ग आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### गीता शिविर में बताया तनाव मुक्त जीवन का राज



**बहादुरगढ़।** ब्रह्मा कुमारीज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान शिविर के दूसरे दिन आध्यात्मिक वातावरण में आत्मज्ञान और शांति का अनुभव किया। कर्नाटक से पधारीं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वीना ने अर्जुन की जिज्ञासा में परमात्मा के स्वरूप का समाधान विषय पर विस्तार से विचार साझा किए। बीके वीना ने कहा कि संसार के तीन शाश्वत सत्य आत्मा, परमात्मा और प्रकृति हैं। इनकी व्याख्या स्वयं भगवान ने गीता में की है। आज मानव जीवन में तनाव का मूल कारण परमात्मा की सत्य पहचान का अभाव है। गीता में भगवान ने स्वयं काउंसलर बनकर अर्जुन ही नहीं, बल्कि समस्त मानव जाति को मन के भ्रम और तनाव से मुक्त करने का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि परमात्मा निराकार, ज्योति-बिंदु और सत-चित-आनंद स्वरूप हैं। आत्मा को इस परम ज्योति से जोड़कर स्मरण करने से मनुष्य को अद्भुत शक्ति और शांति की अनुभूति होती है।

### मेडल जीतना है लक्ष्य

**बहादुरगढ़।** बीते दिनों बहरीन में हुए यूथ एशियन गेम्स में देश के लिए कांस्य पदक जीतने वाले हार्दिक अहलावत का अगला लक्ष्य यूथ ओलंपिक गेम्स में देश का परचम लहराना है। इसके लिए अभी से उसने कड़ा अभ्यास शुरू कर दिया है। बहादुरगढ़ के आर्य नगर का रहने वाला करीब 16 वर्षीय हार्दिक अहलावत बालवि कास स्कूल में पढ़ता है।

**सूचना**

हम, प्रकाश पुत्र भरतू व राजरति पत्नी प्रकाश निवासी मकान नंबर 228/16, सात बिस्वा जटवाडा मोहल्ला, शिव चौंक नजफगढ़ रोड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र विकास व पुत्रवधु सुमन हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव फतेहपुरी स्थित एक मकान में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चुराया गया कुछ सामान भी बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बादली प्रबंधक निरीक्षक सुरेश कुमार के अनुसार, सुमेर निवासी फतेहपुरी ने शिकायत दी थी कि सात अक्टूबर को हमारे घर पर कोई नहीं था। उसी दौरान हमारे गांव का एक युवक घर पर आया और सोने के आभूषण चोरी करके ले गया। इस पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में अब एक आरोपी को काबू किया गया है। आरोपी की पहचान अक्षय के रूप में हुई है।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़।**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोशनी देवी पत्नी, पवन कुमार, सुरेन्द्र सिंह पुत्र/पति/पत्नी श्री शमशेर सिंह निवासी इंदिरा कॉलोनी पार्क द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BWE3BH8 Ward No. 5 कॉलोनी ईन्द्रा पार्क जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 177 से 177 वर्ग गज करवाने हेतू आवेदन किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 4224 दिनांक 21.09.2004 वार्ड नं. कॉलोनी ईन्दरा पार्क पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नं. 3BWE3BH8 वर्ग गज प्रार्थी रोशनी देवी, पत्नी, पवन कुमार व सुरेन्द्र सिंह पुत्र/पति/पत्नी श्री शमशेर सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी
नगर परिषद, बहादुरगढ़।

*राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में पटेल की जयंती मनाई*

# विद्यार्थियों ने निकाला यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




**बहादुरगढ़।** यूनिटी मार्च निकालते मॉडल संस्कृति विद्यालय के छात्र। **फोटो : हरिभूमि**

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और हरियाणा दिवस बड़े उत्साह व देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ से हुई। स्वयंसेवकों ने स्कूल प्रांगण से रेलवे रोड तक यूनिटी मार्च निकालकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की खुशहाली और प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश वत्स और कोमल, स्काउट एंड गाइड इंचार्ज प्रवीण जाखड़, सुमित्रा तेवतिया, अनिल अहलावत तथा एनसीसी इंचार्ज रविंदर का विशेष योगदान रहा। प्रिंसिपल मंजू रानी ने सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया। दिनेश, विजय, सुशीला देवी, कविता, जोगिंद्र, जितेंद्र, पंकज, अमित, प्रदीप, नीरू और सिम्मी सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया एकता का संदेश

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रेड क्रॉस व शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य देश के लोगों में एकता, अखंडता और भाईचारे की भावना को बढ़ाना है। एकता में सुंदरता और शक्ति है। यदि हम सब मिलकर एक टीम के रूप में काम करते हैं तो कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकते हैं। शारीरिक विज्ञान की प्रवक्ता कुमारी प्रीति ने बताया कि आज छात्राओं ने एकता मानव श्रृंखला, रन फॉर यूनिटी व जब तक है जान, रखेंगे देश की शान जैसे नारे लगाकर अन्य छात्राओं को एकता का संदेश दिया।

### साप्ताहिक समीक्षा में झज्जर का प्रदर्शन सराहनीय



**झज्जर।** नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान को लेकर प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों की शिकायतों के समाधान में जिला का सराहनीय प्रदर्शन रहा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिले की इस उपलब्धि की सराहना की गई। बैठक के दौरान डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने समाधान शिविरों में अब तक प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में विभागों द्वारा प्राथमिकता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए।

# मुंगेशपुर ड्रेन में 35 जगह प्रदूषण का जाल, अभी 14 पर ही पाया काबू

■ अधिकारियों ने किया ड्रेन के प्रदूषित बिंदुओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को मुंगेशपुर ड्रेन का दौरा कर प्रदूषित बिंदुओं का निरीक्षण किया। ड्रेन की स्थिति सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

टीम में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता-एक्सईएन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, एचएसआईआईडीसी के एक्सईएन-जूनियर इंजीनियर, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, नगर परिषद और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।



बहादुरगढ़। ड्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे विभिन्न विभागों के अधिकारी।

निरीक्षण के दौरान टीम ने मुंगेशपुर ड्रेन में गिरने वाले विभिन्न प्रदूषित नालों और आउटफॉल पॉइंट्स की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रेन में कुल 35 प्रदूषित बिंदुओं की पहचान की गई है, जिनमें से अब तक 14 बिंदुओं को टैप किया जा चुका है। टीम ने शेष 21 बिंदुओं पर भी जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत एक्शन प्लान तैयार कर उसे शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत करें, ताकि ड्रेन में सीधे गिरने वाले गंदे पानी को पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सके। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ ने कहा कि ड्रेन में प्रदूषण रोकने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था को भी सुधार मिल सके।

## एक्यूआई 148 पहुंचा

बहादुरगढ़। कई दिनों के बाद इलाके की आबोहवा में सुधार देखने को मिला। शुक्रवार की शाम को बहादुरगढ़ में एक्यूआई 148 दर्ज किया गया। हवा की दिशा बदलने और धूप खिलने के कारण यह बदलाव देखने को मिला। दरअसल, बीते कई दिनों से इलाके की प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई थी। एक्यूआई लगातार 300 के आसपास तो कभी इसके पार हो रहा था। बढ़े हुए प्रदूषण के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। वीरवार को भी इलाके में औसतन एक्यूआई 344 दर्ज किया गया। लेकिन शुक्रवार को स्थिति में बदलाव देखने को मिला। रेड जोन से सीधे येलो जोन पर आंकड़ा जा टिका और शाम छह बजे 148 एक्यूआई दर्ज किया गया। प्रदूषण से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पानी की बोछार की जा रही है।

## कूड़ा डंपिंग यार्ड का चेयरपर्सन ने किया दौरा

बहादुरगढ़। नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ नया गांव स्थित डंपिंग यार्ड की लीगेसी साइट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां और गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। एजेंसी को कूड़े का प्रोसेसिंग कार्य दिसंबर तक पूरा करना था, लेकिन अब भी यहां पर भारी मात्रा में कूड़ा पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की ओर से बार-बार एजेंसी को निर्देश दिए गए थे कि कूड़े का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण किया जाए, लेकिन मौके पर देखने से पता चला कि न तो सेग्रीगेशन किया जा रहा है और न ही प्रोसेसिंग मशीनें चालू हैं। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई शहर की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस तरह की लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेयरपर्सन ने कहा कि एजेंसी को नोटिस देने का निर्णय लिया है। अगर निर्धारित समय के भीतर काम में सुधार नहीं हुआ तो एजेंसी को ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लीगेसी साइट पर प्रतिदिन की प्रगति की रिपोर्ट नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, पवन रोहिल्ला, नगर परिषद के एमई नवीन देशवाल, जेई नीरज और जेई आकाश श्योराण आदि इस अवसर पर मौजूद थे।



बहादुरगढ़। डंपिंग यार्ड का निरीक्षण करने पहुंचीं चेयरपर्सन सरोज राठी।

## खबर संक्षेप



### आज धूमधाम से मनाया जाएगा हरियाणा दिवस

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि शनिवार को हरियाणा गठन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिलास्तरीय हरियाणा दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय कलाकार, छात्र-छात्राएं एवं आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि अपनी उपस्थिति से समारोह को भव्यता प्रदान करेंगे। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हरियाणवी कला एवं संस्कृति पर आधारित पेंटिंग व कला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विजेता विद्यार्थियों को एक नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

### अवैध हथियार सहित आरोपी काबू

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने सदर थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। कानोंदा से कुलासी नहर के पास पकड़े गए आरोपी से एक हथियार व दो कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान कृष्ण के रूप में हुई है। उसके खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है।

### डीसी ने सफाई व फॉगिंग के दिए निर्देश

झज्जर । लघु सचिवालय स्थित सभागार में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में डेंगू और मलेरिया नियंत्रण, पीएनडीटी एक्ट और टीकाकरण को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया की रोकथाम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि संक्रमण के प्रसार को पूरी तरह रोका जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक नगर व गांव में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटी-लार्वा स्प्रे तथा सफाई अभियान चलाए जाएं।

### ठगों ने क्रेडिट कार्ड से निकाले सवा लाख रुपये

बहादुरगढ़। गांव लडरावण के निवासी एक युवक के साथ साइबर ठगी की वारदात हुई है। अज्ञात शातिर ठगों ने क्रेडिट कार्ड बंद करने के नाम पर उसके एक अन्य कार्ड में सेंध लगाकर एक लाख 25 हजार रुपये साफ कर दिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात संदीप के साथ हुई है। संदीप का कहना है कि वह गुरुग्राम में स्थित एक निजी कंपनी में काम करता है। उसने साउथ इंडियन बैंक से वन क्रेडिट कार्ड बनवा रखा है। अभी कुछ दिन पहले एक कॉलर ने मुझसे कहा कि क्या आप क्रेडिट कार्ड बंद करवाना चाहते हैं। चूंकि मेरे पास एक अन्य कंपनी का भी क्रेडिट कार्ड था, जिसें बंद करवाना था। मैंने कॉलर से उस कार्ड के बंद कराने की बात कही लेकिन ये भी बताया कि अभी वह कार्ड मेरे पास मौजूद नहीं है। ठग ने एक एपीके फाइल भेजी। उनके कहे अनुसार, मैंने भेजी गई फाइल में अपने वन कार्ड का नंबर डाल दिया। इसके बाद पांच ट्रांजक्शन से ठगी हो गई।

## सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

# सरदार पटेल के नेतृत्व ने जोड़ा राष्ट्र, रखी अखंड भारत की नींव : डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुक्रवार सुबह महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम से शुरू हुई रन फॉर यूनिटी ने पूरे शहर में एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता, जेल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाई। प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगों और गूंजते देशभक्ति के नारों ने माहौल को भव्य बना दिया।

प्रतिभागियों ने रन फॉर यूनिटी में सक्रिय भागीदारी करते हुए सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात कर स्वस्थ जीवनशैली व राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। सुबह साढ़े सात बजे शुरू हुई मैराथन में स्कूली बच्चे, खिलाड़ी, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हुईं। यह दौड़ शहर के मुख्य मार्गों पुरानी तहसील रोड, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, पुराना बस स्टैंड से होती हुई वापस स्टेडियम में संपन्न हुई। सहकारिता मंत्री डॉक्टर शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया। रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता व देशभक्ति की भावना को वर्तमान पीढ़ी में मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला।




झज्जर। रन फॉर यूनिटी में भाग लेते हुए सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### दौड़ लगाकर दिया एकता व अखंडता का संदेश

बहादुरगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार सुबह बहादुरगढ़ में रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से हुआ, जहां से बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व आम नागरिक एकता और अखंडता का संदेश देते हुए लघु सचिवालय तक दौड़े। कार्यक्रम की अगुवाई एसडीएम नसीब कुमार ने की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक राजेश जून व भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा व प्रशासन की तरफ से डीसीपी मयंक मिश्रा, एसीपी प्रदीप खत्री, चेयरपर्सन सरोज राठी, बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री, रमेश राठी सहित आम नागरिक व खिलाड़ी दौड़ में शामिल हुए। धावकों ने देश की एकता व सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे के नारे लगाए।



### सद्भावना का संदेश दिया

झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर संस्थान की छात्राओं द्वारा एक सद्भावना यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर अनु बरवड़ ने बताया कि प्राचार्य डॉक्टर चित्रलेखा बंसल ने सद्भावना यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय में निबंध लेखन, पोस्टर व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में स्लोगन लेखन में मोहिनी, मनीषा तथा बंटी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। इनके अलावा पोस्टर मेकिंग में अनु ने पहला व मुस्कान ने दूसरा प्राप्त किया जबकि निबंध लेखन में सरिता प्रथम व दीपा द्वितीय रही।




## खबर संक्षेप

### रंगोली से दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश




झज्जर। एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नेशनल यूनिटी-डे व हरियाणा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने बारहवीं कक्षा के छात्र नवीन व छात्रा लक्ष्या को साथ लेकर राष्ट्रीय एकता के संदेश पर आधारित एक विशाल रंगोली बनाई। प्राचार्या निधि कादियान ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना समूचा जीवन समर्पित कर दिया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने भी प्रेरित किया। इस मौके पर प्रबंधक केएम डागर, रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत भी उपस्थित रहे।

### जल बचाने के लिए किया जागरूक



बहादुरगढ़। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 स्थित बीआरजी पॉइंट पर जगुआर आईपीए नीराथॉन रन फॉर यूनिटी का आयोजन बीआरजी द्वारा किया गया। ग्रुप के संस्थापक दीपक छिल्लर और कोच रवींद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। धावकों ने देशभक्ति की भावना के साथ-साथ जल बचाओ, जीवन बचाओ का संकल्प भी लिया। हितेश अहलावत, रामचंदर, अजय कंडोला, उर्मिला, अक्षत सचान, अनंत, अनुराग सचान, सुनील कश्यप, धर्मवीर, लक्ष्मण सिंह, किरण नारूला, सरिता मोहन, जयदेव राठी, अभय श्रीवास्तव, बीपी मान, शरणम सिंह, निरंजन, भोजराज, नरेश शर्मा आदि कई अन्य धावक दौड़ में शामिल रहे।

### इंडो अमेरिकन स्कूल में पटेल को किया याद




झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रन फॉर यूनिटी दौड़ से हुई, जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और देश को एक सूत्र में बांधने की उनकी अद्भुत भूमिका पर प्रकाश डाला। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल सच्चे अर्थों में भारत की एकता के प्रतीक थे। इस दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

### एकता की शपथ लेकर रन फॉर यूनिटी में दौड़े



बेरी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर उपमंडल स्तरीय रन फॉर यूनिटी मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी दौड़ को मुख्यातिथि संजय कबलाना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खेल स्टेडियम से हर्बल पार्क तक दौड़ में विद्यार्थियों, युवाओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया व एकता और अखंडता का संदेश दिया। मुख्यातिथि ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित नमन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान से स्वतंत्र भारत के राजनीतिक एकीकरण में और भारत की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है।

### बच्चों ने दिखाई हरियाणवी संस्कृति की झलक

बहादुरगढ़। नाहरा-नाहरी रोड स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में हरियाणा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निर्देशक अभिषेक छिल्लर ने सरस्वती वंदना से की। कक्षा नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा पहनकर अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए अपनी लोक भाषा में संवाद किया। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों ने अपने लंच के माध्यम से हरियाणवी खान-पान की संस्कृति से सभी को अवगत कराया। कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणवी नृत्य एवं लोक संगीत का अद्भुत दृश्य हमारे सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल किशोर कुमार ने हरियाणा की जानकारी दी।



## एचएनजी से 9 लाख की निकल प्लेट चोरी

बहादुरगढ़। शहर में स्थित देश की प्रतिष्ठित हिंदुस्थान नेशनल ग्लास यानी एचएनजी कंपनी परिसर में वारदात हो गई। अज्ञात चोर यहां से 580 किलो निकल धातु की प्लेट चुरा ले गए। इस माल की कीमत करीब 9 लाख रुपये आंकी जा रही है। जांच के दौरान यह चोरी सामने आई है। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कंपनी के स्टोर विभागाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने कहा है कि 29 अगस्त को स्टोर में सामान्य प्रक्रिया के तहत स्टॉक का सत्यापन कर रहे थे। उस दौरान 580 किलोग्राम निकल प्लेट कम पाई गई। वर्तमान में इसकी कीमत लगभग 9 लाख रुपये है। निकल प्लेट का प्रयोग हमारे यहां फाउंड्री विभाग में विशेष प्रकार की कास्टिंग बनाने में किया जाता है। कुछ महीने से इस तरह की कास्टिंग नहीं बनाई जा रही थी। स्टोर में कुल 675 किलो निकल प्लेट रखी थी। जबकि फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान 95 किलो प्लेट ही पाई गई।

# बहादुरगढ़ सिटी स्टेशन पर मेट्रो के आगे छलांग लगा युवक ने दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में शुक्रवार की दोपहर को दर्दनक हादसा हो गया। यहां बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे की है। यहां मेट्रो स्टेशन पर एक युवक बैठा हुआ था। इसी बीच ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन की ओर से गाड़ी वहां आई तो अचानक उसने छलांग लगा दी। इससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मेट्रो कर्मचारी व सुरक्षा कर्मी हरकत में आए और उन्होंने व्यवस्था संभाली। युवक के बैग से मिले दस्तावेजों और फोन नंबर के आधार पर शिनाख्त हो सकी। मृतक करीब 26 वर्षीय विकास दिल्ली के गांव नीलवाल का रहने वाला था। विकास के पिता नहीं है और बहन यहां बहादुरगढ़ इलाके में रहती है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि वह यहां किस सिलसिले में आया और क्यों उसनी सुसाइड किया।

### सड़क दुर्घटना में प्रॉपर्टी डीलर की मौत

झज्जर। औरंगपुर गांव के नजदीक हुई एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई। यह हादसा वीरवार रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ। मृतक की पहचान जिले के गांव मुनीमपुर निवासी करीब 33 वर्षीय देवव्रत पुत्र वीरेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। देवव्रत क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करता था और उसने औरंगपुर के पास गुरुग्राम रोड पर अपना कार्यालय भी बनाया हुआ था। वीरवार की रात जब वह मोटरसाइकिल पर अपने घर लौट रहा था तो अचानक उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह बेरिकेड से जा टकराई। राहगीरों की सहायता से गंभीर रूप से घायल देवव्रत को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कार की टक्कर से 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत

बहादुरगढ़। बादली में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला बुला फुला की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में आल्टो कार चालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज हुआ है। बुजुर्ग महिला वीरवार की शाम को दूध लेने जा रही थी। जब घर से करीब 500 मीटर दूर एक अस्पताल के पास पहुंची तो पीछे से एक आल्टो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।

## पुलिस ने होटलों का रिकॉर्ड जांचा, दिए निर्देश

झज्जर। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर होटलों की चेकिंग करते हुए रिकॉर्ड की जांच की। एसीपी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करना है क्योंकि दूसरे जिलों या राज्य से अपराध करके भागे अपराधी छोटे गेस्ट हाउस में छिप सकते हैं।

उन्होंने होटल संचालकों को अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी लगवाने और साथ ही आगंतुकों की सही आईडी, मोबाइल नंबर, वाहन का नंबर, साथ आने वालों की सही जानकारी और आईडी सभी का रिकॉर्ड रखने के लिए कहा गया है। किसी होटल में अगर कोई विदेशी आकर रुकता है तो उसके लिए ऑनलाइन सी फॉर्म भरना बहुत जरूरी है। उन्होंने संचालकों को सुरक्षा संबंधी मापदंड पूरे करने के निर्देश दिए। होटल में काम करने वाले कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने व रुकने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर में पूरा विवरण लिखने बारे निर्देश भी दिए गए।

**उत्सव** नेहरू महाविद्यालय में हरियाणा साहित्य उत्सव का समापन

# पं. लखमी व हरियाणवी संस्कृति से करवाया रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा आयोजित हरियाणा साहित्य उत्सव के तीसरे दिन भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। डॉक्टर चितरंजन दयाल सिंह ने हरियाणा की युवा शक्ति और सांस्कृतिक परिदृश्य तथा सूर्य कवि पंडित लखमी चंद के बारे में बताया।

विकास नारायण ने डबल इंजन सरकार, आरक्षण और जातिवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की और समाज में समानता और एकता की आवश्यकता पर बल दिया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

डिजिटल वीडियो एडिटर सर्वप्रिया सांगवान ने अपने मीडिया में अनुभव साझा किए। उन्होंने पत्रकारिता में नैतिकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कवयित्री सुनीता करौथवाल ने हिंदी और हरियाणवी कविता के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि काव्य लेखन की शुरुआत कैसे की जाती है और अपनी भावनाओं को शब्दों के माध्यम से कैसे व्यक्त किया जा सकता है। राजकुमार धनखड़ ने स्टैंड अप कॉमेडी के बारे में बताया और कॉमेडी करके सबको हंसाया। डॉक्टर अंजलि दूहन ने विद्यार्थियों को पारंपरिक संगीत और संस्कृति से परिचित कराया तथा सांझी निर्माण कला से अवगत करवाया। पद्मश्री संतराम देशवाल ने कहा कि कोई भी महापुरुष किसी जाति-विशेष से संबंध नहीं रखता। डॉक्टर भूप सिंह गुलिया और स्वाति बधवार ने भी चौधरी छोटूराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। लोक गायक मुकेश ने हरियाणवी लोकगीत और रागनी के बारे में जानकारी दी और लोकगीत तथा रागनी गाकर सबका मनोरंजन करवाया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉक्टर खजान सिंह गुलिया और प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

# देवउठनी एकादशी आज, फिर सजेंगे बैंड-बाजा-बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

देवउठनी एकादशी के आते ही फिर से बैंड-बाजा और बारात का सीजन शुरू हो रहा है। ऐसे में सभी ब्रास बैंड संचालक, टेंट हाउस, हलवाई, पंडित, ज्वेलर्स, फूल विक्रेता, फर्नीचर विक्रेता, कपड़ा विक्रेता, टेलर, रेडिमेड गारमेंट्स व ब्यूटी पार्लर संचालकों पर धनवर्षा होने की उम्मीद है।

पंडित गुलशन ने बताया कि कार्तिक माह की देवउठनी एकादशी से विवाह का लग्न शुरू होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु चार माह बाद योग निद्रा से जागते हैं। अबकी बार देवउठनी एकादशी एक नवंबर की सुबह नौ बजकर बारह मिनट पर शुरू होगी जो दो नवंबर की शाम सात बजकर बत्तीस मिनट तक रहेगी। ऐसे में गृहस्थ लोगों को एक नवंबर तथा वैष्णव संप्रदाय के लोगों को दो नवंबर को एकादशी व्रत रखना चाहिए।

### ये हैं शुभ मुहूर्त

पंडित गुलशन कुमार के अनुसार अबकी बार सबसे बेहतरीन मुहूर्त पांच नवंबर व चार दिसंबर को है। इसके अलावा एक, दो, 18, 22, 23, 24, 25, 29 व 30 नवंबर तथा पांच दिसंबर को भी शुभ मुहूर्त है।